(ख) यदि हां तो वह कितना क्षेत्र है जिस पर इस प्रकार उन्होंने अधिकार किया है ; और

(ग) उस क्षेत्र को वापिस लेने के लिये भारत सरकार द्वारा क्या कदम उठाये गये हैं और उनके क्या परिणाम निकले हैं ?

वैदेशिक कार्य मन्त्रालय में उप मन्त्री (श्री सुरेन्द्रपाल सिंह) : (क) से (ग). चीनी गश्त-दल भूटान तिब्बत सीमा के पश्चिमी सेक्टर से 1 मई 1970, 17 मई, 1970 और 20 मई 1970 को भूटान प्रदेश में घुसे। जब शाही भूटानी सेना के गश्ती-दलों ने विरोध किया तो चीनी वापस चले गए।

विदेश नीति के सम्बन्ध में प्रधान मंत्री को दिया गया ज्ञापन

2934. **श्री बाल्मीकी चौधरी** : क्या **वैदेशिक-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) कुछ संसद सदस्यों द्वारा विदेश नीति के सम्बन्ध में प्रधान मंत्री को दिये गये ज्ञापन की मुख्य बातें क्या हैं ; और

(ख) उसमें दिये गये सुझावों पर सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की गई है।

वैदेशिक-कार्य मन्त्रालय में उप मंत्री (श्री सुरेन्द्रपाल सिंह) : (क) सदन में 18 मार्च, 1970 को उत्तर दिये गये अतारांकित प्रश्न संख्या 3554 की ओर ध्यान दिलाया जाता है। विदेश नीति पर कोई नया ज्ञापन प्राप्त नहीं हुआ है।

(ख) सरकार ने अनेक अवसरों पर कहा है कि भारत और जर्मन जनवादी गणतंत्र में सम्बन्ध संतोषजनक रूप में विकसित हो रहे हैं उन्हें और भी सुदृढ़ बनाये रखने की इच्छा है। जैसा कि सदन को पता है हाल ही में भारत और जर्मन जनवादी गणतंत्र ने अपने प्रतिनिधित्व प्रधान कांसुलावास के स्तर तक बढ़ा दिये हैं।

Representation from an employee of Air Force Training Command, Bangalore against Mal-Practices

2935. SHRI GEORGE FERNANDES : Will the Minister of DEFENCE be pleased to to state :

(a) whether he has received a representation from an employee of the Air Force Training Command, Bangalore complaining about certain mal-practices in the giving of contracts by Garrison Engineer, Jalahalli Division, Bangalore ;

(b) if so, whether Government have made any enquiries into these charges ; and

(c) if so, the action taken thereon ?

THE MINISTER OF DEFENCE (SHRI JAGJIWAN RAM) : (a) Yes, Sir.

(b) and (c). The allegations are under investigation. Appropriate action will be taken on completion of the investigation.

भूतपूर्व कर्मचारियों को सेवा उपदान का भुगतान

2936. **श्री निहाल सिंह** : क्या **प्रतिरक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या चीन तथा पाकिस्तान के साथ क्रमशः 1962 तथा 1965 में हुई लड़ाइयों में लड़ने वाले भूतपूर्व कर्मचारियों को सेवा उपदान दिये बिना ही पेंशन पर सेवा निवृत्त कर दिया गया था ;

(ख) क्या सरकार उन्हें सेवा उपदान देने की कोई व्यवस्था कर रही है ; और

(ग) यदि हां, तो कब तक ?

प्रतिरक्षा मन्त्री (श्री जगजीवन राम) : (क) सेवा पेंशन नियमों के अन्तर्गत शांति